बच्चे की पिटाई पर पुलिस महानिदेशक तल्ख

आरोपी टीचर के खिलाफ कार्रवाई न होने पर स्कूल प्रशासन सवालों के घेरे में

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

सैनिक स्कूल सुजानपुर में बिहार मूल के आठवीं के छात्र की बेरहम पिटाई का मामला सामने आने के बाद पुलिस महानिदेशक एस.आर. मरड़ी ने इस घटना का कड़ा संज्ञान लिया है। सूत्र बताते है कि पुलिस महानिदेशक ने हमीरपुर पुलिस प्रशासन से पिटाई मामले की तमाम रपट तलब की है। साथ ही यह भी जानना चाहा है कि कोर्ट में मामला दर्ज होने में इतनी देर क्यों लगी है। हालांकि आरोपी टीचर खुद मामले की गंभीरता को भांपकर अंतरिम जमानत हासिल करने में सफल हो गया है, लेकिन प्रदेश का एकमात्र सैनिक स्कूल इस मामले में खुद सवालों के घेरे में आ गया है। स्कूल प्रशासन अभी तक आरोपी टीचर पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर पाया है। तर्क यह दिया जा रहा है कि इस मामले में कोई भी स्कूल का टीचिंग स्टॉफ या नॉन टीचिंग स्टॉफ आरोपी टीचर के दबाव में गवाही नहीं दे पा रहा है। हैरानी यह है कि जिस मामला में पुलिस के पास एफआईआर दर्ज है। टांडा मेडिकल कॉलेज की मेडिकल रिपोर्ट में यह साफ हो गया है कि बच्चे के कान का परदा पिटाई क कारण फट चुका है और बिहार की यह नन्हीं सक्षम प्रतिभा ताउम्र के लिए अपंग हो चुकी है। इसके बाद स्कूल प्रशासन को और कौन सा सबूत चाहिए जिसके बिना पर वह कार्रवाई करेगा। जाहिर तौर पर साफ है कि प्रशासन व चंद टीचरों के बीच इस मामले के बाद शुरू हुई तनतनी में स्कूल प्रशासन खुद टीचरों के दबाव में आ चुका है और इस कारण से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हालांकि सैनिक स्कूल में कार्यरत एक आला अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस मामले में ऐसी कड़ी कार्रवाई होगी जो भविष्य में बदअमनी फैलाने वालों के लिए सबक बनेगी। हालांकि टीचर की पिटाई से बिहार की इस नन्हीं प्रतिभा के जीवन का मकसद ही खत्म होकर रह गया है क्योंकि अब यह छात्र एनडीए में ऑफिसर बनने की पहली प्राथमिकता ही खो चुका है।

◆ हमीरपुर पुलिस प्रशासन से मामले की रिपोर्ट की तलब

बस, अब देखना यह है कि क्या इस गरीब मजलूम छात्र को उस पर हुए जुल्म के खिलाफ न्याय मिलेगा या मामला स्कूल की आपसी जंग में हिमाचली बनाम बिहारी होकर रह अन्याय का सबूत बन कर रह जाएगा।

> इस मामले में जांच जारी है। लेकिन कुछ कर्मचारियों द्वारा जांच में सहयोग न करने के कारण कुछ देर अवश्य हुई है। बावजूद इसके इस मामले पर स्कूल प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।
>
> ग्रुप कैप्टन अमित कौल प्रिंसिपल सैनिक स्कूल सुजानपुर

कूड़ा कचरा ट्रीटमेंट प्लांट के लिए साइट्स चयनित

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

सुजानपुर नगर परिषद ने कूड़ा कचरा ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चार साईट चयनित की है। इसमें धार बगेहड़, महलडू, बल्ला गठियां, खरखाल गांव के क्षेत्र शामिल हैं। यह जानकारी एसडीएम सुजानपुर वीरेंद्र शर्मा ने देते हुए बताया कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट एवं लोगों द्वारा उठाई गई आपत्तियां राष्ट्रीय हरित अधिकरण दिल्ली के समक्ष 16 मई को प्रस्तुत की जाएगी। अभी तक विभाग तथा प्रशासन द्वारा इन जगहों पर कूड़ा निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इन साइट्स का चयन राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार किया गया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पूनम गहलोट बनाम सरकार हिमाचल प्रदेश व अन्य मामले में पारित आदेश दिनांक 26 अप्रैल, 2017 को यह कहा गया है कि नगर परिषद सुजानपुर टीहरा द्वारा कूड़ा-कर्कट निष्पादन के लिए प्रयोग लाई जा रही वर्तमान जगह रिहायणी खड्ड को तत्काल प्रभाव से इस कार्य हेतु प्रयोग में लाया जाना बंद किया जाए तथा इस जगह से कूड़ा हटाकर इसका निष्पादन सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स 2016 के तहत किया जाए व म्यूनिसिपल सोलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नई जगह चयनित की जाए।

भटपुरा गांव में आग की भेंट चढ़ी गौशाला

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

उपमंडल सुजानपुर की पंचायत बैरी के गांव भटपुरा में गुरुवार को घर के आंगन में बनी गौशाला में एकाएक आग लग गई। इस दौरान गौशाला में 3 पशु थे। आग लगने की सूचना मिलते ही परिजनों ने समय रहते गौशाला से पशुओं को निकाल दिया, लेकिन अग्निकांड की इस घटना में गौशाला पूरी तरह राख हो गई। दमकल विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया गौशाला सड़क के किनारे होने के चलते दमकल कर्मियों ने पलक झपकते ही आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग सुजानपुर प्रभारी सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अनिल कुमार पुत्र रत्न लाल निवासी भटपुरा पंचायत बैरी का रहने वाला है। गुरुवार को प्रात 11:00 बजे उनकी गौशाला में आग लग गई। आग किन्ही कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। उधर तहसीलदार तहसील सुजानपुर अशोक पठानिया ने बताया अग्निकांड की इस घटना की रिपोर्ट बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

पेंशनर्स चिकित्सा भत्ते से वंचित

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स संघ के क्षेत्रीय प्रधान अशोक शर्मा ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड में पूर्णकालीन अध्यक्ष नहीं हैं और कांगड़ा कमीशनर के पास अतिरिक्त चार्ज अध्यक्ष का दिया हुआ है। परंतु उनके सरकारी निवास स्थान पर स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सौंदर्यकरण के लिए लाखों रुपये का व्यय किया गया है। धर्मशाला में स्थित अन्य विभागों के मुख्याध्यक्षों के निवास स्थानों का सौंदर्यकरण भी इसी प्रकार स्कूल शिक्षा बोर्ड के बजट से किया गया है तथा पेंशनर्स को चिकित्सा भत्ते से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने सीएम व शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि तथ्यों की सही जांच करवाएं और दोषी अधिकारियों से खर्च की गई राशि को वसूला जाए।

हर मोर्चे पर विफल प्रदेश सरकार : राजेंद्र

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार का साढे चार माह का कार्यकाल निराशा से भरा है और हर मोर्चे पर सरकार विफल होती दिखाई दे रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था का दिवाला तो पिटा ही है, स्वास्थ्य सेवाएं भी पटरी से उतर जाने के कारण सत्तारूढ दल के विधायक भी निराशा के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार ने अपना साढे चार माह का कार्यकाल थोक के तबादलों अधिकारियों व कर्मचारियों का ताश के पत्तों की तरह फेंटने में ही गुजार दिया है और इस अवधि में अफसरशाही भी बेलगाम दिख रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एक भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होने पर भाजपा नेता कानून व्यवस्था को आधार बनाकर आसमान सिर पर उठा लिया करते थे लेकिन बीते साढे चार माह के दौरान प्रदेश में एक के बाद एक हत्या व रेप की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं मीडिया में सुर्खियां बनती रही हैं। लेकिन भाजपा नेताओं ने अपनी आंखे मूंद कर मौन धारण कर लिया है। उन्होनें कहा प्रदेश में आज दिन-दिहाड़े हत्याएं व मासूम अबलाओं के रेप हो रहे हैं और भाजपा नेता चैन की बंसी बजाते हुए सत्ता के नशे में मदहोश पड़े हुए है। राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हुए थे। लेकिन मौजूदा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर गई है। राजनीतिक कारणों से स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों को दूर-दराज क्षेत्रों में बदल दिया गया है और स्वास्थ्य केंद्र खाली पड़े होने के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन माफिया भी दनदना रहा है और खनन माफिया पर नकेल कसने के भाजपा नेताओं के दावे हवा हवाई साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ प्रदेश की जनता ने भाजपा के हाथों में सत्ता सौंपी थी, उन उम्मीदों पर खरा उतरने में भाजपा नेता बुरी तरह नाकाम साबित हुए हैं और जनता में निराशा का आलम है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी बेलगाम होकर अपनी मर्जी से सत्ता के रथ को हांक रही है और भाजपा के ही कार्यकर्ता खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को सरकार की दशा व दिशा ही समझ नहीं आ रही और न ही अपनी सरकार की कार्यशैली को भाजपा के कार्यकर्ता समझ पा रहे हैं।

◆ कहा, भाजपा का साढ़े चार माह का कार्यकाल रहा निराशा भरा

◆ खनन माफिया पर नकेल कसने के दावे हो रहे हवा हवाई साबित

21 तक बढ़ाई प्रवेश की तिथियां

हमीरपुर। उप शिक्षा निदेशक उच्चतर सोम दत्त सांख्यान ने जिला के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों को सूचित किया है कि जमा एक व जमा दो कक्षाओं के विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से पाठशालाओं में दाखिला लेने से वंचित रहे हैं, उन सभी विद्यार्थियों को 10 रुपये विलंब शुल्क के साथ 21 मई तक प्रवेश देना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से संबंधित जारी आदेशों में वांछित कार्यवाही सूचना उनके कार्यालय में कुछ पाठशालाओं द्वारा भेजी गई है व शेष पाठशालाओं से वांछित है। यह माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित मामला है अत सूचना दो दिन के भीतर ईमेल द्वारा भेजना सुनिश्चित करें।

चालक के पद को आवेदन आमंत्रित

हमीरपुर। तहसीलदार कार्यालय भोरंज में दैनिक भोगी वाहन चालक के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। उपंडल अधिकारी भोरंज विजय कुमार ने कहा कि वाहन चालक का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इच्छुक उम्मीदवार 25 मई सायं 5 बजे तक उपमंडलाधिकारी भोरंज के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। पद के लिए परीक्षा व साक्षात्कार 29 मई को प्रात 11 बजे मिनी सचिवालय में होंगे। पद के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उम्मीदवार दसवीं पास होना चाहिए व उसके पास एलएमवी लाइसेंस होना अनिवार्य है।

सुजानपुर में 4 व चौरी में 6 देशी बोतलें शराब बरामद

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

थाना क्षेत्र सुजानपुर के अंतर्गत एक दुकान से 4 बोतलें देशी शराब बरामद की गई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्याम लाल ने बताया कि बुधवार को वह थाना के अन्य कर्मचारियों के साथ सुजानपुर बाजार में गश्त पर थे। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर दोपहर करीब 2 बजे कर्म चंद निवासी वॉर्ड नंबर 2 की दुकान से 4 बोतलें देशी शराब बिना लाइसेंस परमिट बरामद की गई। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र सुजानपुर के अंतर्गत बुधवार को करियाने की दुकान से 6 बोतलें देशी शराब बरामद की गई। यह शिकायत उप निरीक्षक चमन लाल चौकी सुजानपुर में दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि वह थाना के अन्य कर्मचारियों के साथ यातायात चैकिंग के दौरान गशत पर थे। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर बनारसी दास निवासी पनोह(चौरी) की करियाने की दुकान से 6 बोतलें देशी शराब बिना लाइसेंस-परमिट बरामद की गई।

बड़सर के टिपर में पकडी अवैध शराब

बड़सर। संजय कुमार पुत्र रमेश चंद गाव टिपर तहसील बड़सर से 10 बोतल अवैध शराब ऊना नंबर 1 की पकडी गई है। अवैध शराब का गढ माने जाने वाले इस क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा जोरो पर है। बड़सर पुलिस ने मामला दर्ज करके कर लिया है।

कुलदीप सिंह बने बीएसएनएल यूनियन के प्रधान

हमीरपुर। जिला की बीएसएनएल यूनियन के चुनाव गुरुवार को प्रदेश परिमंडल अध्यक्ष कामरेड अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में एवं प्रदेश परिमंडल सचिव कामरेड केसी पंवर व उपाध्यक्ष कामरेड सुखदेव शर्मा की उपस्थिति में बाबा बालक नाथ जी की तपोभूमि शाहतलाई में संपन्न हुए। इसमें एएस कौंडल को संरक्षक, कुलदीप सिंह चौहान को जिला प्रधान, रविंद्र कालिया, कुलदीप सिंह, विजय कालिया व बलबीर सिंह को उपप्रधान, जिला सचिव कर्म सिंह ठाकुर, सह सचिव विनय कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, संजीव कुमार व प्यार चंद, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, सह कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद, संगठन सचिव राज कुमार, ए.एन. नरोता, राजन शर्मा, राम चंद, बलदेव सिंह, सुरेश कुमार व सुरजीत सिंह को चुना गया।

नादौन में कनिष्ठ अभियंता की नियुक्ति न होने से लोग परेशान

हिमाचल दस्तक। नादौन

नगर पंचायत नादौन में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता की गत फरवरी माह के आरंभ में सेवानिवृत्ति के उपरांत नई नियुक्ति न होने से स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों राजीव, मनोहर, सुरेश शर्मा, सुभाष शर्मा, रत्न चंद, अमीं चंद, प्रीतम चंद, किशोरी लाल, ज्ञान चंद, सोहन लाल आदि ने बताया कि नियमित कनिष्ठ अभियंता न होने से कई तरह के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक परेशानी तो उन लोगों को हो रही है जिन्हें भवनों के निर्माण के लिए नक्शे आदि स्वीकृत करवाने हैं। लोगों ने बताया कि शहर भर में चल रहे निर्माण कार्यों के चलते कई कारणों से कनिष्ठ अभियंता द्वारा मौका का निरीक्षण किया जाता है। ऐसे में यह सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि जनहित को देखते हुए नादौन नगर पंचायत में इस पद को शीघ्र भरा जाए। इस संबंध में पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री का कहना है कि समस्या के शीघ्र समाधान के लिए सरकार से आग्रह किया जाएगा।

◆ लोगों की सरकार से मांग नादौन नगर पंचायत में शीघ्र भरा जाए पद

जिला परिषद ने पारित किए नादौन हमीरपुर, सुजानपुर बीडीसी के सेल्फ

◆ 14वें वित्तायोग के तहत स्वीकृत राशि को व्यय करने के दिए निर्देश

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

जिला परिषद हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक में 14वें वितायोग के अंतर्गत वर्ष 2018-19 हेतु प्राप्त विकास खंड नादौन, हमीरपुर व सुजानपुर पंचायत समितियों के अनुमोदित सेल्फ सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष चंदू लाल चौधरी ने जिला के समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि 14वां वितायोग के तहत पूर्व में स्वीकृत राशि के शीघ्र व्यय हेतु खंड स्तर पर उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाली पंचायतों के प्रधानों, सचिवों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें शीघ्र राशि के व्यय संबंधी निर्देश दें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त जिला हमीरपुर रत्न गौतम द्वारा बतौर मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने भाग लिया। बैठक में सिंचाई एवम जन स्वास्थय विभाग की उठाऊ पेयजल योजनाओं से लोगों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध करवाने पर भी विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मुरम्मत के बारे में कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी स्थानीय लोगों तक पंहुचाने के बारे में बिजली की बेहतर सुविधा परिवहन निगम की बसें चलाने पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई तथा उनके निपटारे हेतु उन्हें निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रतन गौतम ने कहा कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित उठाए गए सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आगामी बैठक से पहले सभी अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए भी कहा गया है ताकि आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित किया जा सके।

40 वर्षों में जमीन नहीं हो सकी स्कूल के नाम

प्रदेश के एकमात्र सैनिक स्कूल सुजानपुर की जमीन भी उसके नाम नहीं

रविंद्र चंदेल। सुजानपुर/हमीरपुर

40 वर्ष पहले बने प्रदेश के पहले व एकमात्र सैनिक स्कूल अभी भी कब्जे के आधार पर ही चल रहा है। 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस स्कूल की जमीन अपने नाम नहीं हुई है। इस तरह देखें तो सरकारी तौर पर बरती जाने वाली कोताहियों का हिसाब बेहिसाब है। हिमाचल दस्तक ने इस स्कूल के केंद्र व राज्य सरकार के बीच होने वाले एमओयू का मामला भी प्रमुखता से उठाया था जो सरकारी कोताही का हैरान कर देने वाला मामला है और अब यह खुलासा हुआ है कि जिस जमीन पर केंद्र के रूतबे वाला प्रदेश का एकमात्र स्कूल चल रहा है उस स्कूल की जमीन ही उसके नाम नहीं है। यानि धरातल की हकीकत पर जमीन किसी और की है और स्कूल किसी और का है। हालांकि केंद्र के बजट से इस स्कूल का करोडों का आधारभूत ढांचा 40 वर्ष पूर्व ही खड़ा होना शुरू हो गया था। इसी बीच कई सरकारें आई-गई लेकिन किसी ने इस सैनिक स्कूल की इस बड़ी आधारभूत समस्या पर ध्यान नहीं दिया। और अब स्थिति यह है कि जब से स्थानीय जनता को यह भनक लगी है कि सैनिक स्कूल इस जमीन का मालिक नहीं है तो इस स्कूल के आस-पास की जमीन को आइडल पार्किंग का अड्डा बनाकर रख दिया है। जिस कारण से स्कूल का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। हालांकि सुजानपुर सैनिक स्कूल के नाम नेशनल डिफेंस अकादमी को सबसे ज्यादा क्रैडिट देने का रिकॉर्ड भी दर्ज है, लेकिन सरकारी तौर पर निरंतर हुई कोताहियों के कारण सुजानपुर सैनिक स्कूल के बजूद और वर्चस्व पर सवाल खडे होने शुरू हो गए हैं। लेकिन वर्तमान व्यवस्था के अधिकारी बताते है कि इस मामले को लेकर हायर अथॉरटी के साथ-साथ राज्य सरकार को भी कई बार आवेदन किया जा चुका है, लेकिन स्कूल के नाम जमीन होने की कार्रवाई अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में कल्पना की जा सकती है कि जो काम 40 वर्षों से अधूरा पड़ा है, उस काम को करने के लिए सरकारों व प्रशासन की कितनी रूचि रही होगी। दस्तावेजों में चल रहे सैनिक स्कूल को जमीन की मालकियत कब मिलेगी, मिलेगी भी या नहीं, क्योंकि जो काम 40 वर्षों में नहीं हो सका वह काम आगे कितने वर्षों में होगा कहां नहीं जा सकता है।

◆ बिना जमीन की औपचारिकता पूरी किए ही चल रहा स्कूल

> स्कूल की जमीन को लेकर हॉयर अथॉरिटी व स्टेट सरकार को आवेदन किया गया है। आवेदन स्वीकार होते ही जमीन स्कूल के नाम हो जाएगी।
>
> ग्रुप कैप्टन अमित कौल प्रिंसिपल सैनिक स्कूल, सुजानपुर।

सरकारी धन के दुरूपयोग पर बिठाई जांच

राजकुमार। मैहरे

जिला हमीरपुर की ग्राम पंचायत भुक्कड़ में नियमों को दरकिनार कर लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरूपयोग मामले में जिला पंचायती राज विभाग ने जांच के आदेश दिए है। जिला पंचायत अधिकारी ने भुक्कड़ पंचायत में हुए सरकारी धन के दुरूपयोग व गवन की जांच का जिम्मा बीडीओ भोरंज को सौंपा है। खंड अधिकारी को मामले की छानबीन के दौरान पक्ष-विपक्ष को सुनवाई का पूर्ण अवसर देते हुए जांच रिपोर्ट तैयार कर जिला पंचायती राज विभाग को प्रेषित करने के आदेश भी दिए है। उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत भुक्कड़ में सरकारी धन के दुरूपयोग के मामले को हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता से उठाया था और इस खबर को भुक्कड़ पंचायत में हुआ सरकारी धन का दुरूपयोग शीर्षक के माध्यम से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अब जिला पंचायती राज विभाग ने इस पंचायत से संबंधित सचिव पर जांच बिठा दी है।

◆ जिला पंचायत अधिकारी ने गवन की जांच का जिम्मा बीडीओ भोरंज को सौंपा

क्या है पूरा मामला...

पंचायत भुक्कड़ के संबधित सचिव सहायक द्वारा जानबूझकर नियम के विरुद्ध कार्य करते हुए पंचायत की रोकड़बही के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करके सरकारी धन राशि का संभावित दुरूपयोग किया गया। सचिव द्वारा नियमानुसार पंचायत राजस्व की वसूली तक नहीं की गई। पंचायत के विभिन्न विकास कार्यो के लिए सरकारी अनुदान के लाखों रुपये को स्वीकृति पत्रों के अनुसार निशिचित अवधि में व्यय नहीं किया गया। जिससे सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ से वंचित रहना पड़ा। सचिव द्वारा लाखों रुपये की निर्माण सामग्री का क्रय निविदा संबधित औपचारिकता, पूर्ण की बाबजूद इसके लाखों की इस क्रय सामग्री का भंडार रजिस्टर में इंद्राज तक नहीं किया गया। ग्राम पंचायत भुक्कड़ के सचिव द्वारा उस दौरान पंचायत निधि से बिना बिल वाउचरों के हजारों रुपये का अनियमित व्यय किया गया। जिसके दस्तावेज उक्त सचिव अंकेक्षण के दौरान पेश नहीं कर पाया जो सीधे तौर पर गवन है। सहायक सचिव ने पंचायत द्वारा अनुमोदित दर से अधिक मूल्य पर निर्माण सामग्री का क्रय किया गया जिससे पंचायत को आर्थिक तौर पर नुक्सान पंहुचाया गया तथा सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया। इसके अलावा सचिव ने पंचायत के विकास कार्यो में परिमाप राशि से अधिक राशि का भुक्तान करके सरकारी धन का गवन व दुरूपयोग हुआ तथा सचिव द्वारा इस राशि का पंचायत लेखों में संधारण भी नहीं किया गया। वर्ष 2014 से मार्च 2017 की अवधि तक के पंचायत से संबधित पुस्तकों को नियमानुसार संधारित नही किया गया है। पंचायत में सचिव द्वारा किये गये भ्रष्ठाचार को हिमाचल दस्तक ने सामने लाया जिस पर अब जिला पंचायती राज विभाग ने जांच बिठा दी है।

लावारिस पशुओं से जनता को दिलाएं निजात

हिमाचल दस्तक। जाहू

हमीरपुर के जाहू पुल पर लावारिस पशुओ की फौज जमा होने से आने-जाने वाले वाहनों को बने खतरे का डिवीजन कमीशनर मंडी विकास लाबरू ने कड़ा नोटिस लिया है। उन्होंने वाहनों व पैदल चलने वाले राहगीरों की सुरक्षा को देखते हुए 10 मई वीरवार को हमीरपुर दौरे के बाद मंडी वापिस जाते हुए सरकाघाट के एसडीएम व भोरंज के एसडीएम को मौका पर बुलाकर एक हफ्ते के भीतर-भीतर इस मामले पर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए है। श्री लाबरू ने दोनों उपमंडलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जाहू पुल पर जमा लावारिस पशुओं की फौज के कारण मानवता को खतरा बना हुआ है। इसलिए जनता की राहत के लिए तुरंत इस मामले से निजात दिलाई जाएं।

INOX WIND

INOX WIND LIMITED

CIN: L31901HP2009PLC031083

Registered Office: Plot No. 1, Khasra Nos. 264 to 267, Industrial Area, Village- Basal, District Una – 174 303, Himachal Pradesh, India, Phone/ Fax: +91 1975-272001

Email: investors.iwl@inoxwind.com; Website: www.inoxwind.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, the 18th May, 2018, inter-alia, to consider, approve and take on record the Standalone and Consolidated Audited Financial Results of the Company for the quarter and financial year ended 31st March, 2018.

The above information is also available on the website of the Company www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com and NSE www.nseindia.com.

For Inox Wind Limited

Sd/-

Deepak Banga

Company Secretary

Place: Noida

Date: 10th May, 2018